सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

पो.रजि. नं. आरजे/एजे/211/2025-27

PRGI. No. RAJBIL/2023/88629

ख़बरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 2 | अंक 23 | अजमेर, रविवार 25 मई 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर मिलेगी मोबाइल फोन जमा कराने की सुविधा- चुनाव आयोग

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों के बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। आयोग ने इसके साथ ही प्रत्याशियों को मतदान केंद्रों से 100 मीटर बाहर अपने बस्ते लगाने की छूट देने का फैसला किया है जहां वे मतदाताओं को अनौपचारिक रूप से मतदाता.पर्चिया उपलब्ध करा सकेंगे। अब तक इसे कम से कम 200 मीटर दूर रखने की व्यवस्था लागू थी।

आयोग का कहना है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग और न केवल बड़े पैमाने पर मतदाताओं बल्कि वरिष्ठ नागरिकों महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतदान के दिन मोबाइल फोन के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों को देखते हुएए आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है।आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में मतदाताओं को मोबाइल फोन केवल स्विच.ऑफ ;बंद की स्थिति में ही रखना होगा।

आयोग ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि चुनाव प्रचार के लिए मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने तथा मतदान के दिन मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं को मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा प्रदान करने और प्रचार के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं।

आयोग ने कहा है कि ये निर्देश जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और चुनाव संचालन नियम 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के पास फोन जमा कराने के लिए बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या




पटसन के थैले उपलब्ध कराए जाएंगे जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे।मतदाता को मतदान केन्द्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर कुछ मतदान केन्द्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है।

आयोग ने कहा है कि चुनाव संचालन नियमए 1961 के नियम 49एम के तहत मतदान केन्द्र के भीतर मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित की जाती है और इसका सख्ती से पालन जारी रखा जाएगा। आयोग ने मतदान के दिन सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से कानूनों के अनुरूप मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर के दायरे में प्रचार प्रचार पर रोक बनाए रखते हुए उम्मीदवारों को उस 100 मीटर के दायरे से ठीक बाहर अपनी ओर से बस्ते लगवाने की छूट दी है जहां से वे मतदाताओं की सुविधा के लिए उन्हें अनौपचारिक तौर पर मतदाता पहचान पर्ची जारी कर सकेंगे।उल्लेखनीय है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साथी चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मिल कर चुनाव प्रक्रिया में सुधार के लिए कानूनी ढांचे के अनुसार 18 से अधिक पहले की हैं।

आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों के प्रशिक्षण से लेकर राजनीतिक दलों के साथ संवाद जैसे कई अभिनव कदम उठाए हैं। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एस आर कोहली और प्रमुख राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव ने भारत निर्वाचन आयोग की पहलों हाल में शुरू की गई 18 से अधिक नई पहलों का स्वागत करते हुए कहा है कि ये पहलें देश में लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं।

उन्होंने एक बयान में कहा कि इन सुधारों से पारदर्शिता जवाबदेही और चुनाव प्रक्रिया में जनभागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। इससे न केवल मतदाता सूची की गुणवत्ता में सुधार होगा बल्कि चुनाव प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी और सुगम बन सकेगी।

श्रीवास्तव ने सुझाव दिया है कि बूथ स्तरीय अधिकारियों ;बीएलओ की तरह बूथ लेवल एजेंट ;बीएलए के लिए भी अनिवार्य रूप से चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए।

## दक्षिण–पश्चिम मानसून ने केरल में समय से पहले दी दस्तक

पुणे तिरुवनंतपुरम। दक्षिण.पश्चिम मानसून ने शनिवार को केरल में सामान्य समय से एक सप्ताह पहले ही दस्तक दे दी।मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को बताया कि मानसून दक्षिण अरब सागर के शेष हिस्सों पश्चिम.मध्य और पूर्व.मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों पूरे लक्षद्वीप केरल पुडुचेरी के माहे कर्नाटक के कुछ हिस्सों तमिलनाडु के कई हिस्सों दक्षिण-पश्चिम और पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के बाकी हिस्सोंए पश्चिम मध्य और उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और मिजोरम के कुछ हिस्सों में और आगे बढ़ चुका है।मौसम विभाग ने अपनी दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा है कि अगले दो.तीन दिनों में मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल स्थिति बनी हुई हैं। मानसून के मध्य अरब सागर के अधिक भागों संपूर्ण गोवा महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ भागों कर्नाटक और तमिलनाडु के अतिरिक्त क्षेत्रों तथा पश्चिम.मध्य और



उत्तरी बंगाल की खाड़ी के अन्य क्षेत्रों में पहुंचने की उम्मीद है।मानसून कुछ पूर्वोत्तर राज्यों उप.हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों तक भी पहुंचेगा। इसके अलावाए 27 मई के आसपास पश्चिम.मध्य और उससे सटे उत्तरी बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित होने का अनुमान हैए जो मानसून की आगे की गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है।मौसम विभाग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दक्षिण.पश्चिम मानसून के जल्दी आने से किसानों और आमलोगों में खुशी का माहौल है क्योंकि यह वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने का संकेत है जो पूरे देश में कृषि एवं जल संसाधनों के लिए बहुत लाभदायक है।

## राजसमंद में बस पलटने से 3 लोगों की मौत, 23 घायल

राजसमंद। राजस्थान में राजसमंद जिले के कांकरोली थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक निजी बस पलटने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई तथा 23 घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार अहमदाबाद से भीलवाडा जा रही यह निजी बस भावा बस स्टेण्ड पर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में एक महिला एवं दो पुरूष की मौके पर ही मौत हो गई तथा अन्य 23 घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हंसाराम चौधरी ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से राजसमंद के आरके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक भीलवाडा का रहने वाला है जबकि दो की शिनाख्त नहीं हुई है। मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

## सिक्किम में एक सैनिक को पानी में बहने से बचाते सैन्य अधिकारी शशांक शहीद

गंगटोक। उत्तरी सिक्किम में 22 मई को एक ऑपरेशनल टास्क के दौरान एक



साथी सैनिक को पानी में बहने से बचाते हुए सिक्किम स्काउट्स के लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ;23 शहीद हो गए। एक रक्षा विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया है कि शहीद लेफ्टिनेंट शशांक को 14 दिसंबर 2024 को कमीशन मिला था। वह सिक्किम में एक सामरिक संचालन बेस टीओबी की ओर रूट ओपनिंग पेट्रोल का नेतृत्व कर रहे थे। लगभग 11 बजे गश्ती दल के सदस्य अग्निवीर स्टीफन सुब्बा एक लकड़ी के पुल को पार करते समय तेज पहाड़ी जलधारा में बह गए।तिवारी ने अपनी टीम के प्रति असाधारण सूझबूझ निस्वार्थ नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अग्निवीर को बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी जबकि एक अन्य सैनिक नायक पुकार कटेल भी तुरंत उनकी सहायता के लिए उनके पीछे चले गए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि साथ मिलकर वे डूबते अग्निवीर को बचाने में सफल रहे। हालांकि लेफ्टिनेंट तिवारी दुर्भाग्यवश तेज बहाव में बह गए। गश्ती दल द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद उसी दिन सुबह 11. 30 बजे उनका शव 800 मीटर नीचे की ओर बरामद किया गया।भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि निस्वार्थ सेवा, ईमानदारी, उदाहरण के तौर पर नेतृत्व तथा अधिकारियों और जवानों के बीच अटूट बंधन जो रैंक से परे है और युद्ध तथा शांति दोनों में पोषित होता है।विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारतीय सेना एक बहादुर और जांबाज अधिकारी के निधन पर शोक व्यक्त करती है जिन्होंने अपनी कम उम्र और संक्षिप्त सेवा के बावजूद साहस और सौहार्द की ऐसी विरासत छोड़ी है जो आने वाली पीढ़ियों के सैनिकों को प्रेरित करेगी।

## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित, शुभमन गिल कप्तान, रिषभ पंत उप कप्तान

मुबंई। इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे। अट्ठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल केएल राहुल साई सुदर्शन अभिमन्यु ईश्वरन करुण नायर नीतीश कुमार रेड्डी रविंद्र जडेजा ध्रुव जुरेल वशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर जसप्रीत बुमराह मोहम्मद सिराज प्रसिद्ध कृष्णा आकाशदीप अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है।अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थीए जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया



गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली मेंए दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफ़र्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जाएगा।मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाए हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है।

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज प्रसिद्ध कृष्णाए आकाश दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठाएंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में सफल रहेगी।

## सम्पादकीय

# आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना ''ऑपरेशन सिंदूर''

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देकर एक बार फ़िर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर ;पीओके में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी जिसका उद्देश्य स्पष्ट थाए आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को ष्सिंदूरष् नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। सिंदूर एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध थाए जो लगातार भारत में घुसपैठ आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है जो सीमा पार से भारत के खिलाफजंग छेड़े हुए हैं।भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक.प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैंए जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे फिर अलग.अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की।



# सिंदूर शौर्य मातृ शक्ति श्रृंखला बनाकर सेना का सम्मान

अजमेर। जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले का प्रतिकार करते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों और उनके ठिकानों को खत्म कर दिया। आतंक को पनाह देने वालों पर यह अभियान में कड़ा प्रहार साबित हुआ।सेना के इस पराक्रम को नमन करने के लिए अजमेर की मातृ शक्तिए विभिन्न संगठनों और संस्थाओं ने शनिवार शाम बजरंग गढ़ स्थित विजय स्मारक पर सिंदूर शोर्य मातृशक्ति श्रंखला बनाकर सैनिकों का सम्मान किया।

यह कार्यक्रम सेना के विजयोत्सव में हमारी भागीदारी का प्रतीक था साथ हीमातृशक्ति ने सिंदूर शौर्य मातृ शक्ति श्रृंखला बनाकर देश की सेना का धन्यवाद ज्ञापित किया। देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर जवानों तथा पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले 26 मासूम लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर मनीषी इंदौरिया व श्वेता जैन ने कहा कि हर परिस्थिति में देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए मातृशक्ति सदैव तत्पर है। ऑपरेशन सिंदूर का सफल नेतृत्व करने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह एवं कर्नल सोफिया कुरैशी की जितनी सराहना की जाए वह कम है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि जो सिंदूर उजाड़ते हैंए हम न केवल उनको बल्कि उनके आकाओं को भी उजाड़ देते हैं। इस अवसर पर बडी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन अनिता सैन ने किया।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर गूंजे देशभक्ति के तराने





अजमेर। हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 859वीं जयंती के उपलक्ष्य में तारागढ़ की तलहटी स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक संध्या तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ में स्मारक पर स्थित चामुण्डा माता के मंदिर पर पूजा अर्चना के बाद अतिथियों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानीए केन्द्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरीए केबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावतए विधायक अनिता भदेलए कुलपति कैलाशचन्द सोढ़ाणीए भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनीए भाजपा देहात अध्यक्ष जीतमल प्रजापतए सुरेंद्र सिंह शेखावतए ओंकार सिंह लखावत सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।इस मौके पर देवनानी ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान जैसे योद्धाओं की प्रेरणा से आज भारत नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने ऑपरेशन सर्जिकल स्ट्राइक का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत दुश्मन को घर में घुसकर मारने की ताकत रखता है।सोढ़ानी ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान का व्यक्तित्व और कृतित्व वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शिक्षा नीति पर भी चर्चा की और कहा कि हमें वीरता और शौर्य के इतिहास से वंचित किया गया है।लखावत ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान की शौर्य गाथा को जन.जन तक पहुंचाने के लिए हमें कटिबद्ध होना होगाए राष्ट्र के सामने युवा पीढ़ी के माध्यम से पहुंचना होगा। पृथ्वीराज स्मारक की परिकल्पना और महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पृथ्वीराज चौहान एक राष्ट्रीय पहचान और चेतना पुंज हैं जो हमें हर वक्त संबल प्रदान करता है।

मंत्री रावत ने कहा कि राष्ट्र रक्षा का संकल्प हमें लेना होगा वीर योद्धा की गाथाओं को देश और दुनिया तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। विधायक अनिता भदेलए शंकर सिंह रावतए वीरेंद्र सिंह कानावत सहित जनप्रतिनिधियों आदि ने भी पृथ्वीराज चौहान के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला साथ ही उनकी प्रेरणा से वर्तमान युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

ज्येष्ठ कृष्णा द्वादश पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पर्यटन विभाग ने विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां दी। भावना वैष्णव ;किशनगढ़द्ध के घूमर नृत्यए श्रवण कुमार शंखवास के मश्क वादन सभी का मन मोह लिया। लक्ष्मण कुमार ;नागौरद्ध ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की वीरता गीत गाया तो दर्शको ने जमकर तालियां बजाई। नरेन्द्र सोलंकी ;पुष्करद्ध के नगाड़ा वादनए चिरमी सपेरा ;जयपुरद्ध के कालबेलिया नृत्य ने दर्शकों की वाह वाही लूटी। रामजी सपेरा ;जयपुर न राजस्थानी नृत्य में संस्कृति का प्रदर्शन किया। प्रवेश द्वार पर राजेश भाट व कलाकारों ने कच्छी घोड़ी नृत्य के जरिए आगतुंकों का पारम्परिक रूप से स्वागत किया।कार्यक्रम का जोशीला संचालन दिलीप पारीक ने किया। स्वागत उदबोधन पूर्व उप महापौर संपत सांखला तथा धन्यवाद कंवल प्रकाश किशनानी ने दिया।इस अवसर पर यूआईटी के पूर्व चेयरमैन धर्मेश जैनए पूर्व विधायक हरीश झामनानीए प्रो. अरविद पारीक. विनीत लौहिया. दुर्गाप्रसाद शर्मा. राकेश डीडवानियां. भैरूलाल गुर्जर. मुकेश खीचींए डॉ.( हरीश बेरी गजेन्द्र सिंह चौहानए शैलेन्द्र परमार रेखा गोयल सुरेश चंद गोयलए शिव प्रसाद गौतम पुरषोतम तेजवानी चन्द्रभान प्रजापति संजय सेठी नन्द कुमार शर्मा अंकित गुर्जर महेन्द्र कुमार तीर्थाणी सत्यनारायण भंसाली अनिल आसनानी महेश शर्मा, सुमन साहू आदि उपस्थित थे।जयंती समारोह के अवसर पर रंग भरो, राईफ्ल शूटिंग, लॉन टेनिस, महिला क्रिकेट, मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा अजमेर की ओर से प्रायोजित स्मृति चिन्ह व समारोह समिति द्वारा प्रमाण पत्र भेंट किए गए।

# बोलेरो कैंपर और ट्रक की भिड़ंत में वन रक्षक सहित 4 की मौत

जैसलमेर। राजस्थान में जैसलमेर जिले के लाठी थाना क्षेत्र में एक बोलेरो केम्पर और ट्रक में भिडन्त होने से चार व्यक्तियों की मौत हो गई है।पुलिस के अनुसार लाठी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब सवा दस बजे बोलेरो केम्पर की सामने आ रहे ट्रक से भिडन्त हो गई। केम्पर में सवार वन रक्षक सुरेन्द्र चोधरीए वन्यजीव प्रेमी कंवराज सिंह भाटीए श्याम बिश्नोई और राधेश्याम बिश्नोई की मौके पर ही मौत हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि केम्पर के परखच्चे उड़ गए। वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और चारों युवक उसमें फंस गए। उन्हें केम्पर से बाहर निकालने के लिए क्रेन को बुलानी पडी और कड़ी मशक्कत के बाद इन्हें बाहर निकाला गया।बताया जा रहा है कि हिरन के शिकार की सूचना पर वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई अपने साथियों एवं एक वन विभाग के कर्मचारी के साथ लाठी इलाके के जंगलों की तरफगाड़ी लेकर निकले थे। लाठी में गैस एजेंसी के पास सामने से आ रहे ट्रक से कैम्पर की भिड़ंत हो गई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।




# जयपुर में भारतीय सेना के सम्मान में सिंदूर शौर्य रैली मातृशक्ति ने जताया आक्रोश

जयपुर। भारतीय सेना के सम्मान में शुक्रवार को मातृशक्ति की ओर से विधानसभा से अमर जवान ज्योति तक पैदल मार्च किया गया। इसके बाद मातृशक्ति द्वारा एक शृंखला बनाई गई और हमले में बलिदान हुए नागरिकों व जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर हाल ही में जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित प्रॉक्सी संगठनों द्वारा किए गए आतंकी हमले के विरोध में अपना आक्रोश प्रकट किया। रैली में उपस्थित महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर नारों के साथ देशभक्ति का संदेश दिया।

इस अवसर पर विंग कमांडर रेखा शेखावत ने कहा कि हमें गर्व है कि हम उस देश के नागरिक हैं जहां ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाता है। फिर वह पुलवामा हो या कारगिल। उन्होंने अपने सैन्य अनुभवों को साझा करते हुए भारतीय सेना की वीरता और समर्पण को नमन किया।शेखावत ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्य भारतीय सेना में सेवारत रहे हैं। उन्होंने नारी शक्ति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। जहां हमारे समय में अवसर सीमित थेए आज की पीढ़ी के पास अनेक विकल्प उपलब्ध हैं।शहीद स्मारक पर उपस्थित महिलाओं ने कहा कि यह स्थल ऊर्जा और प्रेरणा से भरपूर है। मातृशक्ति के इस एकत्रीकरण में महिलाओं ने पाकिस्तान द्वारा समर्थित आतंकियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई को पूर्णतः उचित ठहराया। आतंकियों ने धर्म पूछकर सिंदूर उजाड़ाए लेकिन हमारी सेना ने उन्हें घर में घुसकर मारा। हम सेना और देश के नेतृत्व पर गर्व करते हैं।



# सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती पर रंग भरो व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

अजमेर। भारत विकास परिषद मुख्य शाखा अजमेरए सैंट्रल एकेडमी स्कूल कोटडा व ऑप्टिमिस्टिक आउटरीच ट्रस्ट की ओर से समर कैम्प में शनिवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती के अवसर पर रंग भरो प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समर कैम्प प्रभारी अनुपम गोयल ने बताया कि कार्यक्रम कि अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गोयल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माताए स्वामी विवेकानंद सरस्वती व सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्र'वलित कर किया गया। रंग भरो प्रतियोगिता में 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।प्रांतीय पदाधिकारी दिलीप पारीक ने सभी प्रतिभागियों को सम्राट पृथ्वीराज चौहान जीवनी से अवगत कराया। उन्होंने पृथ्वीराज चौहान के जन्म से लेकर मृत्यु तक के संघर्ष से भरे महत्वपूर्ण किस्सों को संक्षिप्त में बताया।इस दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। सुरेश गाबा ने रंग भरो प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्र छात्राओं के कौशल कि प्रशंसा की। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन से सभी बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है।शाखा सचिव राजकुमार गोयल ने बताया कि शाखा की ओर से 15 मई से 5 जून तक चलने वाले समर कैम्प में समय समय पर विभिन्न प्रकार की निशुल्क प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रंग भरो प्रतियोगिता का संचालन लोक कला संस्थान के संजय सेठी ने किया।कार्यक्रम में कृष्ण गोपाल गोयलए राजकुमार गोयलए लक्ष्मी नारायण अग्रवालए दिलीप पारीकए सुरेश गाबाए विष्णु प्रसाद गोयलए कमलेश जैनए किरण गोयलए रचना गोयलए आलोक मिश्राए सुधाकर आदि शाखा सदस्यों की सहभागिता रही।

# लोहागल तिराहे से जनाना अस्पताल तक बनेगी 6 लेन की सड़क

## गर्भवती महिलाओं व आमजन को मिलेगी राहत

अजमेर। सीकर परबतसर और पुष्कर बाइपास सहित जनाना अस्पताल जाने वाले हजारों लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अजमेर विकास प्राधिकरण ने लोहागल तिराहे से जनाना अस्पताल सड़क को 6 लेन में बदलने का निर्णय किया है। यह सड़क करीब 20ण्28 करोड़ रूपए की लागत से बनेगी। इसमें डामर व सीसी सड़कए नालियां व डिवाइडर बनाएं जाएंगे।अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में लोहागल तिराहे से जनाना अस्पताल जाने वाली मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण गर्भवती महिलाओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शास्त्री नगर से लोहागल तिराहे तक सड़क सुधारी जा चुकी है। सीकरए परबतसरए नागौर और पुष्कर बाईपास पर आने जाने वाले वाहनों और इस मार्ग पर पड़ने वाले दर्जनों गांवों के लिए भी महत्वपूर्ण रोड है।अजमेर विकास प्राधिकरण ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर तकनीकी व वित्तीय स्वीकृति दे दी है। लोहागल तिराए से जनाना अस्पताल तक की यह सड़क 20ण्28 करोड़ लागत से बनेगी। इसे 6 लेन में विकसित किया जाएगा। इसके तहत करीब 2400 मीटर डामर सडकए 700 मीटर सीसी सड़कए 1200 मीटर डिवाइडर तक 3100 मीटर नाली व नाला का निर्माण होगा। सड़क बनने से इस मार्ग पर बनी विभिन्न कॉलोनियों लोहागल गांव तथा हजारों लोगों को भी राहत मिलेगी।

# बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन अब 100 एपिसोड्स क्लब में शामिल




मुंबई। शेमारू उमंग का लोकप्रिय शो श्बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन ने हाल ही में अपने 100 एपिसोड पूरे कर लिए हैं और सेट पर इस मौके को बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। एक अनोखी और दिलचस्प कहानी के साथ शुरू हुआ यह शो दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना चुका है। इस खास मौके पर पूरी कास्ट और क्रू ने मिलकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

यह शो पारंपरिक सास.बहू ड्रामों से हटकर दो मजबूत महिला किरदारों की कहानी बयां करता है। एक तरफ चालाक और महत्वाकांक्षी जेठानी चमकीलीए एक नौकरानी से जेठानी चुकी हैए लेकिन उसका सपना हवेली की मालकिन बनने का है। वहीं सीधी.सादी और समझदार देवरानी चैनाए छोटी ठकुराईन बनकर हवेली को बचाने और परिवार को जोड़कर रखने की कोशिश में जुटी रहती हैं।चैना का किरदार निभा रही लीड एक्ट्रेस दीक्षा धामी ने कहा कि बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन में मेरा सफर बेहद खास रहा है। शो की शुरुआत में चैना को जयवीर से नफरत थीए लेकिन धीरे.धीरे यह नफरत प्यार में बदल गई। फिर चैना से रसीली बनने तक की यह पूरी यात्रा बहुत ही खूबसूरत और यादगार रही है। मैं दिल से आभारी हूं कि दर्शकों ने चैना के जुगाडू स्वभाव को इतना पसंद किया। हमारे लिए 100 एपिसोड पूरे करना बहुत गर्व और खुशी का पल है। यह एक्टर्सए डायरेक्टर्सए स्पॉट बॉयजए मेकअप आर्टिस्ट्स और पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है। मैं दर्शकों का शुक्रिया अदा करना चाहूंगीए जिन्होंने हमें इतना प्यार दियाए आप सभी के बिना ये मुमकिन नहीं था। आगे भी हम ऐसे ही और यादगार एपिसोड्स लाते रहेंगे।

जयवीर की भूमिका निभाने वाले अभिनेता शील वर्मा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पांच महीने पहले जो लोग अजनबी थेए आज एक परिवार बन चुके हैं। सेट पर हमारा इतना समय साथ में बीतता है कि अब ये घर जैसा लगता है। 100 एपिसोड पूरे करना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस शो ने मुझे जयवीर जैसे शानदार किरदार के साथ.साथ कई खूबसूरत यादें दी है खासकर मैं अपना ष्पुष्पाष् मेकओवर कभी नहीं भूलूंगा। साथ हीए रघुवीर सर और दिलीप सर जैसे मेंटर्स मिलेए जिनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। ये तो बस शुरुआत हैए अभी और लंबा सफर तय करना है।

चमकीली का दमदार किरदार निभा रही अभिनेत्री इशिता गांगुली ने हंसते हुए कहा कि चमकीली जब चमकती है नाए तो अच्छे.अच्छों के बल्ब फ्यूज हो जाते हैं। और लगता है कि अब ये चमक दर्शकों के दिलों तक पहुंच गई हैए तभी तो हम 100 एपिसोड पूरे होने का जश्न आज मना रहे हैं! शुरूआती दिनों की मॉक शूटिंगए स्क्रिप्ट रीडिंगए राजस्थान की सर्द रातों में शूटिंग यह सब मुझे आज भी याद है। इस टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। शेमारू उमंग और पूरी प्रोडक्शन टीम को मैं दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं आज बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि हम ऐसी ही बड़ी उपलब्धियों को मिलकर साथ सेलिब्रेट करेंगे। मजबूत किरदारों और दमदार कहानी के साथ श्बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईनश् लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है।

# कान्स 2025 सिमरी ब्लैक गाउन में ऐश्वर्या राय ने जलवा बिखेरा



कान्स। पूर्व मिस वर्ल्ड और बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में सिमरी ब्लैक गाउन में जलवा बिखेरा।ऐश्वर्या राय बच्चन ने एक बार फिर कान्स 2025 के रेड कारपेट पर जलवा बिखेरा। पहले दिन उन्होंने ऑफ व्हाइट आइवरी बनारसी साड़ी पहनी जिसे मशहूर डिजानइन मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था। वहींए लाल जड़ाऊ हार उनके लुक को शाही टच दे रहा था।उन्होंने गहरे लाल सिंदूर के साथ ट्रेडिशनल अंदाज में सबका ध्यान खींचा था। अब दूसरे दिन ऐश्वर्या एकदम नए अवतार में दिखी। वहींए दूसरी बार वह भारतीय डिजाइनर गौरव गुप्ता की डिजाइन की गई एक बोल्डए ब्लैक कॉउचर गाउन में लौटीं।ऐश्वर्या का गाउन का टाइटल का नाम हेइरेस ऑफक्लैम था। ऐश्वर्या का आउटफिट गौरव गुप्ता कॉउचर का कस्टम.मेड पीस था। बॉडी.फिटेड गाउन को सिल्वरए गोल्डए चारकोल और ब्लैक के शेड्स से डिजाइन किया गया था। इस पर हाथ से कढ़ाई की गई थी। ऐश्वर्या ने वाराणसी में हाथ से बुने हुए बनारसी ब्रोकेड केप के साथ अपने लुक को पूरा किया।इंस्टाग्राम पोस्ट में डिजाइनर गौरव गुप्ता ने खुलासा किया कि वाराणसी में हाथ से बुनी गई बनारसी ब्रोकेड केप पर पवित्र भगवद गीता का एक संस्कृत श्लोक अंकित हैए जिसने सभी का ध्यान खींचा है। इस बार ऐश्वर्या ने अपने हेयरस्टाइल में भी बदलाव किया। हमेशा के स्ट्रेट बालों की बजाय उन्होंने सॉफ्ट साइड वेव्स चुनींए जो उनके लुक को और खास बना रही थीं। रेड लिपस्टिक और बड़े इयररिंग्स ने लुक को पूरा किया। रेड कार्पेट पर उन्होंने हाथ जोड़कर नमस्ते किया। ऐश्वर्या के लुक की नेटिजन्स जमकर तारीफकर रहे हैं।


**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.


# Stunning Arangetram by Shreenidhi and Shivani Hyderabad



Shankarananda Kalakshetra, a leading dance institution presented a brilliant arangetram of Kumari Shreenidhi Ramaswamy & Kumari Shivani Nambiar, today at Ravindra Bharathi Hyderabad. The evening graced by eminent dignitaries from the world of classical dance including Dr. Rajeswari Sainath, acclaimed Bharatanatyam exponent and Director, Sruthi Laya Kendra Natarajalaya; Shri G. V. Anna Rao, Convenor, Natya Swara Art Critic; Shri Mithun Shyam, renowned Bharatanatyam dancer and Director, Vaishnavi Natyashala. Connoisseurs of dance and art warmly came to witness this celebration of tradition, talent, and tenacity. Disciples of Dr Ananda Shankar Jayant, Director Shankarananda Kalakshetra, the two young dancers, struck a chord with the audience from the very first moments. Ananda Shankar Jayant's productions are eagerly awaited by audiences as she is known for always to push the bar, making it a delight to watch. This time too, Guru Ananda, presented the Arangetram in a very interesting way. The Arangetram became an immersive experience, into the magical world of Shiva and Vishnu through Bharatanatyam, Carnatic music and the devotional poetry of the many vageyyakaras. The first half of the program was dedicated to Lord Shiva and was titled 'Parvati Shankara Namostute'.




# GUJRATI SENIOR SECONDARY SCHOOL

KUTCHERY ROAD, AJMER (RAJ.)   CO-EDUCATION




# ADMISSION OPEN 2025-26

- NURSERY TO XII ARTS, COMMERCE, SCIENCE (ENGLISH MEDIUM)
- IX to XII ARTS & SCIENCE (HINDI MEDIUM)

**Free bridge classes for weak students**

* 25% Seat reserved under RTE

## QUALITY EDUCATION

- Digital Classes
- CCTV Monitoring
- Personal Attention
- Sports Facilities in campus (Outdoor and Indoor)
- Teaching through demonstration and learning by doing method.

## FEATURES

- Situated in mid of the city
- Trained teachers
- Smart Board & Classes
- Imparts Moral and Spiritual Values
- Emphasis on Spoken English & Quality Education
- Co-curricular Activities
- R.O. Drinking Water Cooler










## FACILITIES

- Well equipped labs
- Experiential and innovative teaching
- Science, Geogarphy & Computer Lab
- Rich library
- 21st Century learning through classes
- Delicious & Hygienic food at our canteen
- School Bag Available
- School van Available



## Board Exam Result 2024-2025

| Arts | | Commerce | | Science | |
|---|---|---|---|---|---|
| Entered | 57 | Entered | 26 | Entered | 58 |
| First Class | 49 | First Class | 21 | First Class | 54 |
| Second Class | 08 | Second Class | 05 | Second Class | 03 |




**Phone No.: 0145-2429790, Mobile No. 8829950489**

**E-mail: schoolgujrati@gmail.com, Website: wwwgujratischoolajmer.com**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)